

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी प्रत्येक भूल कुछ न कुछ सीखा देती है।

संपादक : सत्यन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शनिवार 09 मई 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


**वन्यजीव गणना के अनुसार जिले में लगभग 7 हजार मोर पाए गए**

## सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन और स्टॉक की सूचना देने वालों को मिलेगा इनाम

### जिला पर्यावरण समिति, इको टूरिज्म एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद, 8 मई।** अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्री सुरेश कुमार यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति, इको टूरिज्म, आरा मशीन, मोर शिकार प्रकरण तथा प्रदूषण नियंत्रण संबंधी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए विस्तृत चर्चा की गई। एडीएम प्रशासन यादव ने शहर में बढ़ रहे प्लास्टिक कचरे के उचित निस्तारण तथा आमजन को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने पर बल दिया।

**सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन और स्टॉक की सूचना देने वालों को मिलेगा इनाम**

प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार मीणा ने बताया कि जिले में कहीं भी सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन की सूचना देने वाले को 15 हजार रुपये तथा इसके स्टॉक की जानकारी देने वाले को 10 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और नंबर पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका के ईओ अथवा प्रदूषण नियंत्रण मंडल कार्यालय के सहायक अभियंता मोबाइल नंबर 8723058586 पर भी सूचना दी जा सकती है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि पॉलीथिन के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए कपड़े के थैलों का वितरण किया जाएगा तथा शहर और गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर आमजन और बच्चों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों एवं इसके सीमित उपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा।

बैठक में निर्देश दिए गए कि जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में यह दर्शाने वाले साइन बोर्ड लगाए जाएं कि वहां सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग नहीं किया जाता। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यार्थियों में सिविल सेंस विकसित करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों ने बताया कि प्लास्टिक की खाली बोतलों को क्रश करने के लिए जिला अस्पताल परिसर में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से रिवर्स वेंडिंग मशीन स्थापित की गई है। इसके अलावा देशनोक स्थित करणी माता मंदिर परिसर में भी यह मशीन लगाई जा चुकी है, जहां शीघ्र ही विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाएगा।

**जिले में सड़कों पर उड़ रही धूल से भी बढ़ रहा वायु प्रदूषण**

बैठक के दौरान ध्वनि एवं वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर भी चर्चा हुई। श्री मीणा ने बताया कि बीकानेर में वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण सड़कों पर उड़ती धूल, वाहन प्रदूषण तथा औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाला धुआं है। उन्होंने बताया कि शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (त्त्ढ्ढ) सामान्यतः 100 से 150 के बीच रहता है, जबकि सर्दियों में यह 200 से अधिक हो जाता है। इस पर सड़कों की नियमित सफाई और प्रदूषण नियंत्रण उपायों पर जोर दिया गया।

**वन्यजीव गणना के अनुसार जिले में लगभग 7 हजार मोर पाए गए**

वन विभाग के अधिकारियों ने मोर शिकार प्रकरणों की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले छह माह में जिले में मोर शिकार के केवल तीन मामले दर्ज हुए हैं। वन्यजीव गणना के अनुसार जिले में लगभग 7 हजार मोर पाए गए हैं।बैठक में आरा मशीनों के नवीनीकरण की समीक्षा भी की गई। बताया गया कि जिले में संचालित 40 आरा मशीनों में से केवल 7 का ही नवीनीकरण हुआ है।जोड़बीड़ क्षेत्र में नगर निगम के कचरे के निस्तारण को लेकर निर्देश दिए गए कि कचरा बंद चैंबर या कमरे में डाला जाए ताकि वह इधर-उधर न फैले।

**मोबाइल एप से पौधों की करा सकेंगे प्री बुकिंग**

उपवन संरक्षक जी. वैंकटेश ने बताया कि मिशन हरियालो राजस्थान के अंतर्गत वन विभाग की नर्सरियों से विभिन्न विभाग हरियालो राजस्थान एप के माध्यम से पौधों की प्री-बुकिंग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सरकारी नर्सरियों में कुल पौधों का 20 प्रतिशत हिस्सा रोहिड़े के पौधों के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि जोड़बीड़, आरडी 682 सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों पर यदि वन विभाग वॉच टावर और बैठने की सुविधाएं विकसित करता है तो पर्यटन विभाग द्वारा 2 करोड़ रुपये तक के प्रोजेक्ट स्वीकृत किए जा सकते हैं।

# सुवेंदु बंगाल के सीएम होंगे, राज्यपाल से मिले

**सरकार बनाने का दावा पेश किया; आज शपथ; शाह बोले- महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी**



**नई दिल्ली एजेन्सी।** सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया।

इसके बाद सुवेंदु लोकभवन में राज्यपाल से मिले और सरकार बनाने का दावा पेश किया। सुवेंदु कल सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में PM मोदी, शाह समेत NDA के कई बड़े नेता शामिल होंगे। उधर शाह ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। हम घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे। महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी होगी।

56 साल के सुवेंदु ने सीएम ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं।

## शाह के संबोधन की 5 बड़ी बातें; कहा– बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा

**गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार:** 100 साल की वैचारिक यात्रा के बाद गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार बनी है। 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी।

**बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा हुआ:** 370 हटी तो देश भर में कार्यकर्ताओं में खुशी थी। लेकिन कई कार्यकर्ताओं ने कहा था कि अभी भी एक कसक बची है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा का झंडा फहराना है। वो भी आज पूरा हो गया।

**भाजपा के 3 से 207 विधायक हुए:** हमारे विधायकों के जीत का औसत मार्जिन 28 हजार है। 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व है। 9 जिलों में टीएमसी का खाता तक नहीं खुला। दीदी का सूपड़ा साफ हो गया।

**घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे:** भाजपा का वादा है कि बंगाल की जनता को कि न सिर्फ बंगाल, पूरे देश से हम एक-एक घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे। ये ध्रुवीकरण का मुद्दा नहीं है। ये देश की सुरक्षा का मुद्दा है।

**बंगाल की जनता को धन्यवाद:** भाजपा पर भरोसा करके बंगाल की जनता को प्रचंड विजयी देने के लिए धन्यवाद। बंगाल की जनता ने जो अपेक्षाएं रखी हैं, हम पूरी कोशिश करेंगे कि आपके भरोसे को थोड़ा भी ठेस न पहुंचे।

**आरजीकर पीड़ित की मां को मंत्री बनाया जा सकता है** पश्चिम बंगाल में 25 मंत्री बन सकते हैं। आरजीकर पीड़ित की मां को भी मंत्री बनाया जा सकता है। इसके अलावा बंगाल की राजनीति में बड़े चेहरे जैसे अग्निमित्रा पॉल, दिलीप घोष, निसिथ प्रमाणिक, रूपा गांगुली, सजल घोष और स्वपनदास गुप्ता संभावित मंत्रियों की लिस्ट में शामिल हैं।

**विजय ने लगातार तीसरे दिन सरकार बनाने का दावा किया**

## राज्यपाल को 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा, सरकार बनाने की मंजूरी; आज शपथ संभव



**चैन्नई एजेन्सी।** तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर जारी राजनीतिक सस्पेंस खत्म हो गया है। TVK चीफ और एक्टर विजय ने शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने विजय को सरकार बनाने की मंजूरी दे दी है। विजय आज सीएम पद की शपथ ले सकते हैं।विजय ने शुक्रवार को लोकभवन में लगातार तीसरे दिन राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने राज्यपाल को TVK, कांग्रेस, CPI, CPI(M) और VCK के कुल 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में TVK ने 234 में से 108 सीटें जीती हैं। इनमें दो सीटों पर विजय जीते हैं। कांग्रेस के 5 और CPI, CPI(M), VCK के 2-2 विधायकों के समर्थन से TVK ने बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया है। इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते।

## रसमलाई खाने से 48 बच्चों समेत 107 बीमार

### शादी समारोह में बची मिठाई स्कूल में बांटी, पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद पहुंचाया अस्पताल

**कोटपूतली-बहरोड़ कासं।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के विराटनगर क्षेत्र के ढाणी गैसकान गांव में फूड प्वाइजनिंग से 107 लोग बीमार हो गए। जिसमें 48 स्कूली बच्चे शामिल हैं।

विराटनगर एसडीएम कपिल उपाध्याय ने बताया- गांव में गुरुवार रात एक शादी समारोह था। शादी समारोह में बची रसमलाई को शुक्रवार की सुबह गांव के स्कूल और ग्रामीणों में बांटा गया। मिठाई खाने के कुछ समय बाद ही बच्चों और अन्य लोगों को पेट दर्द, उल्टी और घबराहट की शिकायत होने लगी। कई बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए।

आतेला CHC प्रभारी डॉ संतोष स्वामी ने बताया- शाम 6 तक 34 स्कूली बच्चे और 43 ग्रामीण समेत 77 मरीज को फूड प्वाइजनिंग के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया। जिन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं शाहपुरा उप जिला अस्पताल में 14 स्कूली बच्चे और 16 ग्रामीणों का इलाज चल रहा है।

**शाहपुरा और आंतेला अस्पताल में कराया भर्ती**

बीमार बच्चों और अन्य लोगों को उपचार के लिए शाहपुरा और आंतेला के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा उनका इलाज किया गया। इस दौरान आंतेला में भर्ती सभी मरीजों की तबीयत में सुधार होने पर छुट्टी दे दी गई।

## जनगणना 2027: प्रथम चरण को लेकर जनगणना निदेशक बिष्णु चरण मलिक ने ली समीक्षा बैठक

**जिले में पहले चरण की तैयारी बताई अच्छी लेकिन स्वगणना की प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश**

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक एवं मुख्य प्रमुख जनगणना अधिकारी बिष्णु चरण मलिक ने शुक्रवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के संबंध में जिले की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक ली। मलिक ने जिले में प्रथम चरण की तैयारी अच्छी बताई लेकिन जिले में 01 मई से 15 मई तक चल रही स्वगणना की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

**01 मई से 15 मई तक चल रही स्वगणना का करें प्रचार प्रसार**

मलिक ने जिले में 01 मई से 15 मई तक चल रही स्वगणना के आमजन में प्रचार प्रसार को लेकर नगर निगम के कचरा उठाने वाले टीपर्स पर बैनर लगाने और उस पर लगे लाउडस्पीकर पर जिंगल्स चलाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कहा कि जिले के सभी सरकारी कार्मिकों से स्वगणना का कार्य शत प्रतिशत करवाएं। मीडिया के सहयोग से आमजन तक स्वगणना के बारे में जानकारी पहुंचाएं।

**जनगणना 2027 के तहत घरों पर जाने वाले प्रगणकों को दिए गए हैं कई अधिकार**

जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक बिष्णु चरण मलिक ने बताया कि जनगणना 2027 के तहत प्रगणकों को अधिकार दिए गए हैं कि वो संबंधित सभी घरों में प्रवेश कर सकेगे, उन्हें संबंधित घरों में प्रवेश से रोका नहीं जा सकता और ना ही उन्हें जानकारी देने से मना कर सकता है। साथ ही बताया कि प्रगणक गली और मोहल्ले के हिसाब से प्रत्येक घर पर जो भी नंबर लिखेगा उसे मिटा नहीं सकते। प्रगणक की ड्यूटी होगी कि वह 33 पॉइंट की विभिन्न सूचना एकत्र करेगा।

**जनगणना 2027: प्रथम चरण की थीम ''कोई घर ना छूटे''**

मलिक ने बताया कि जनगणना 2027: प्रथम चरण की थीम ''कोई घर ना छूटे'' और दूसरे चरण की थीम ''कोई व्यक्ति ना छूटे'' है। विदित है कि भारत सरकार द्वारा जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण तथा मकान गणना एवं द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा राज्य में स्वगणना 1 मई 2026 से 15 मई 2026 तक तथा मकान सूचीकरण एवं मकान गणना 16 मई 2026 से 14 जून च2026 तक फिल्ड कार्य किया जाना है। भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 पूरी तरह से डिजीटल जनगणना होगी।

**इससे पूर्व प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं आयुक्त नगर निगम सिद्धार्थ** पालानिचामी व उप जिला जनगणना अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी धर्मपाल खीचड़,ने पीपीटी के जरिए जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बैठक में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं आयुक्त नगर निगम सिद्धार्थ पालानिचामी,संभागीय जनगणना अधिकारी एवं संभागीय आयुक्त के प्रतिनिधि के रूप में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जसवंत सिंह,जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश कुमार यादव नगर जनगणना अधिकारी एवं उपायुक्त नगर निगम यशपाल आहूजा, उप जिला जनगणना अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी धर्मपाल खीचड़, उपखंड जनगणना अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी आईएएस सुश्री महिमा कसाना, चार्ज जनगणना अधिकारी एवं तहसीलदार निशिकांत समेत जनगणना को लेकर जिले के मास्टर ट्रेनर विपिन सैनी, वाई बी माथुर, समेत अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।




# बामनवाली की चौखट पर बरसी ममता: जब यादों की पोटली लेकर पीहर पहुंचीं बुआएं और बहनें

(खबर आस पास)

**बामनवाली श्रेयांस बैद।** किसी ने सच ही कहा है कि बेटियां कितनी भी बड़ी हो जाएं, अपने पीहर की गलियों के लिए वो हमेशा वही छोटी 'लाडो' रहती हैं। बामनवाली गांव में आगामी 9 व 10 मई को आयोजित होने जा रहे ऐतिहासिक 'बहन-बेटी सम्मेलन' ने इस बात को जीवंत कर दिया है। जैसे-जैसे सम्मेलन की तारीख करीब आ रही है, गांव की आबोहवा में ममता और वात्सल्य की महक घुलने लगी है। बता दे कि स्वः श्री खेताराम जी व स्वः श्रीमती गोमतीदेवी की स्मृति मे उनके पुत्रों तोलाराम, बीरूराम व भवानीशंकर सारस्वा द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का ये आयोजन करवाया जा रहा है जिसमे श्रीमद्भागवत सप्ताह की पूर्णाहुति 9 मई को होनी है वहीं बहन बेटी सम्मेलन दो दिन चलेगा, 10 मई को सभा बहन बेटियों को उपहार व भेंट देकर विदा करेगी.

**रिश्तों की गर्माहट और भीगी पलकें**

गांव के एक घर के आंगन में जब सफेद बालों वाली बुजुर्ग बुआ और झुर्रियों भरे चेहरों वाली बहनें एक साथ बैठीं, तो वक्त जैसे ठहर गया। बरसों बाद जब इन बहनों ने एक-दूसरे का हाथ थामा, तो शब्दों से ज्यादा उनकी आंखों ने बात की। किसी ने बचपन की शरारतें याद कीं, तो कोई अपने बाबा (पिता) के साये को ढूंढती नजर आई। यह तस्वीर गवाह है कि उम्र के इस पड़ाव पर भी पीहर का मोह और अपनों का साथ दुनिया की सबसे बड़ी पूंजी है।

**परंपराओं का जीवंत रूप**

चटक रंगों के घाघरे-लुगड़ी और हाथों में सुहाग की चूड़ियां पहने ये बहन-बुआएं बामनवाली की लोक संस्कृति का जीवंत उदाहरण पेश



कर रही हैं। घर के कोनों में बैठकर पुरानी कहानियों का पिटारा खुल चुका है। कोई अपनी शादी के किस्से सुना रही है, तो कोई गांव के पुराने कुएं और बरगद की छांव को याद कर भावुक हो रही है।

**गांव बना एक बड़ा परिवार**

इस सम्मेलन ने बामनवाली को एक परिवार के रूप में पिरो दिया है ये ग्रामीणों का कहना है ।

'घर की बेटियां जब घर आती हैं, तो दीवारों में भी जान आ जाती है। यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी उन बहनों के प्रति सम्मान है जिन्होंने इस मिट्टी में जन्म लिया और आज अलग-अलग घरों को रोशन कर रही हैं। '

**मुख्य विशेषताएं जो दिल जीत लेंगी:**

* पीढ़ियों का संगमः इस मिलन में दादी, नानी और पोती-दोहितियों का एक साथ बैठना रिश्तों के पुल को मजबूत कर रहा है।

* स्मृतियों का संकलनः बरसों पुरानी यादें, लोकगीत और हंसी-ठिठोली से गांव का कोना-कोना गुंजायमान है।

* अपनत्व की मिठासः घर-घर में मेहमान नवाजी के साथ-साथ पीहर के उस खास दुलार को परोसा जा रहा है, जिसकी प्यास हर बेटी को होती है।

ईको भारत संस्थापक सम्पत सारस्वत बामनवाली ने कहा कि बामनवाली का यह 'बहन-बेटी सम्मेलन' समाज के लिए एक संदेश है कि अपनी जड़ों और अपनी बेटियों को कभी नहीं भूलना चाहिए। आज गांव की हर गली, हर घर इन बेटियों के स्वागत में पलकें बिछाए खड़ा है। कल जब ये बहनें फिर विदा होंगी, तो अपने साथ यादों का एक ऐसा समंदर ले जाएंगी जो उन्हें अगले सम्मेलन तक ऊर्जा देता रहेगा।

### श्रीडूंगरगढ़ को मिली ऐतिहासिक सौगात

# विधायक ताराचंद सारस्वत के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र की सबसे बड़ी पेयजल योजना को मिली गति, मोघे की स्थापना के लिए स्वीकृति पत्र जारी

(खबर आस पास)

**श्रीडूंगरगढ़।** वर्षों से पेयजल संकट झेल रहे श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। विधायक ताराचंद सारस्वत के लगातार प्रयासों से श्रीडूंगरगढ़ बृहद पेयजल परियोजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण स्वीकृतियां जारी हुई हैं, जिससे क्षेत्र की सबसे बड़ी एवं ऐतिहासिक पेयजल योजना अब धरातल पर उतरेगी 7

राजस्थान सरकार के इंदिरा गांधी नहर परियोजना, बीकानेर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्रीडूंगरगढ़ एवं आसपास के गांवों की पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए कवर्ड रिजर्वायर हेतु कवर्सन लिफ्ट नहर की ऋष्ठ 319(ऋ) पर मोघे की स्वीकृति



प्रदान की गई है। इसके साथ ही इस योजना के 108 गांवों और 37 ढाणियों की पेयजल आपूर्ति के लिए 40 क्यूसेक पानी की स्वीकृति भी दी गई है। इसमें 12 गांव लुणकरणसर के भी शामिल है 7

यह महत्वपूर्ण स्वीकृति पूर्व में उपशासन सचिव, इंदिरा गांधी नहर विभाग जयपुर द्वारा जारी आदेशों की निरंतरता में प्रदान की गई है। सैंकड़ो करोड़ों रुपये की इस महत्वाकांक्षी योजना से आने वाले वर्षों में श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था को नया आधार मिलेगा और हजारों परिवारों को राहत प्राप्त होगी।

विधायक ताराचंद सारस्वत ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,राजस्थान सरकारी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पीएचडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व एवं राज्य सरकार की सकारात्मक सोच के कारण श्रीडूंगरगढ़ को यह बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक योजना नहीं बल्कि क्षेत्र के भविष्य को सुरक्षित करने वाला ऐतिहासिक कदम है।

विधायक सारस्वत ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र की जनता पेयजल समस्या से जूझ रही थी, लेकिन अब करोड़ों रुपये की इस विशाल परियोजना के माध्यम से स्थायी समाधान की दिशा में मजबूत शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की अब तक की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक पेयजल परियोजना साबित होगी।

विधायक सारस्वत ने ढ्ढत्नहृक्क बीकानेर के चीफ इंजीनियर विवेक गोयल से मुलाकात के दौरान स्वीकृति पत्र प्राप्त किया, इस कार्य को तुरन्त करने के लिए आभार व्यक्त किया तथा इस योजना के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए जल्द से जल्द इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए कहा। क्षेत्रवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस स्वीकृति पर खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जल संसाधन विभाग एवं विधायक ताराचंद सारस्वत का आभार जताया। यह योजना 2024 में समाप्त हो गई थी उसको आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विशेष आभार जताया ।

# शेखावाटी के चर्चित कॉमेडियन पंकु-बन्नू में हुआ समझौता, देर रात गले मिल खत्म किया विवाद....

**सीकर (खबर आस पास)।** शेखावाटी अंदाज की कॉमेडी से सोशल मीडिया पर पहचान बनाने वाले चर्चित कॉमेडियन बन्नू उर्फ बनवारीलाल गोस्वामी और पंकू उर्फ पंकज सोनी के बीच चल रहा विवाद आखिरकार समझौते के साथ समाप्त हो गया। दोनों कलाकारों के बीच प्रॉपर्टी को लेकर चल रहे विवाद ने पिछले दिनों काफी तूल पकड़ लिया था, लेकिन गुरुवार देर रात क्षेत्र के कलाकारों और गणमान्य लोगों की समझाइश के बाद दोनों पक्षों में सहमति बन गई।

जानकारी के अनुसार गाड़ोदा निवासी बन्नू उर्फ बनवारीलाल गोस्वामी ने वर्ष 2019 में अपनी मां की स्मृति में यू-ट्यूब चैनल शुरू किया था। शुरुआत में वह आरटीओ में लाइसेंस एजेंट के रूप में कार्य करते हुए अवकाश के दिनों में कॉमेडी वीडियो बनाते थे। बाद में कोरोना काल के दौरान सुजानगढ़ से



अपने ननिहाल गाड़ोदा आए पंकज सोनी भी उनके साथ जुड़ गए। इसके बाद दोनों ने मिलकर शेखावाटी बोली और ग्रामीण परिवेश पर आधारित कॉमेडी वीडियो बनाए, जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया। समय के साथ दोनों की लोकप्रियता बढ़ती गई और उन्होंने गांव में पास-पास जमीन लेकर मकान बनाने की योजना बनाई। हालांकि सितंबर 2025 में किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद दोनों ने साथ काम करना बंद कर दिया। बाद में जमीन के स्वामित्व को लेकर मामला और गहरा गया।

पंकज सोनी का आरोप था कि जिस जमीन पर मकान बना है वह उनकी है और विश्वास के चलते रजिस्ट्री अपने नाम नहीं करवाई गई। वहीं बनवारीलाल गोस्वामी ने अपने पक्ष में दस्तावेज और बैंक लोन संबंधी रिकॉर्ड होने का दावा किया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के समर्थक भी सक्रिय हो गए। बुधवार को पंकु समर्थकों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा।

इधर गुरुवार को क्षेत्र के कई कलाकार और समाज के लोग पंकु के घर पहुंचे, जहां लंबी वार्ता और समझाइश का दौर चला। देर रात दोनों कलाकारों ने आपसी मनमुटाव भुलाकर समझौता कर लिया और एक-दूसरे को गले लगाकर विवाद समाप्त करने का संदेश दिया। समझौते के बाद उनके प्रशंसकों ने भी राहत जताई है।

# नहीं रहे पूर्व सरपंच एवं कृषि मंडी के अध्यक्ष बरडिया

(खबर आस पास)

**लूणकरणसर श्रेयांस बैद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सरपंच एवं कृषि मंडी के लंबे



समय तक अध्यक्ष रहे तेरापंथ धर्मसंघ के सुश्रावक छतमल बरडिया के आकस्मिक निधन ने कस्बे में शौक की लहर व्याप्त हो गई है । शनिवार को उनका अंतिम संस्कार लूणकरणसर के मुक्तिधाम पर किया जाएगा। कस्बे वासियों ने उनके निधन पर आत्मिक संवेदना एवं शोक प्रकट किया है।

# सप्तम राज्य वित्त आयोग की बैठक 13 एवं 14 मई को

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद ,8 मई।** सप्तम राज्य वित्त आयोग द्वारा संभाग के शहरी स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विचार विमर्श के लिए सप्तम राज्य वित्त आयोग की बैठक 13 व 14 मई को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी।

संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा के निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के 13 मई को अपराह्न 2:30 बजे बीकानेर संभाग के समस्त जिलों के प्रमुख मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रधानों, विकास अधिकारियों के तथा शहरी स्थानीय निकाय को 14 मई को प्रातः 11:30 बजे महापौर, आयुक्त, नगर निगम, अध्यक्ष, सभापति, आयुक्त, अधिशासी अधिकारी, नगर परिषद, नगर पालिका, बीकानेर संभाग एवं क्षेत्रीय उपनिदेशक के साथ विचार विमर्श किया जाएगा। सभी प्रतिभागी अधिकारियों को आवश्यक प्रेजेंटेशन और सूचनाओं के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में आवेदन की तिथि बढ़ाई

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद 8 मई।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राजस्थान के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति, अनु.जनजाति, विशेष समूह योजना (पूर्व में विशेष पिछड़ा वर्ग), अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं की अंतिम तिथि में संशोधन किया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार ने बताया कि राज्य की राजकीय एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर की राजकीय, राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अथवा अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा वेबसाइट www.sjmsnew.rajasthan.gov.in/scholarship अथवा एसएसओ पोर्टल पर Scholarship sje App अथवा मोबाईल ऐप SJED APPLICATIONS के माध्यम से पेपरलेस आवेदन पत्र ऑनलाईन पंजीकरण करने, आवेदन पत्र भरने के लिए पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि में संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण करने, ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने एवं शिक्षण संस्थानों द्वारा नवीन पंजीयन अथवा पूर्व में पंजीकृत की मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर अद्यतन करने के लिए अंतिम तिथि अथवा पोर्टल बन्द करने की तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र भरने से पूर्व संबधित विद्यार्थी द्वारा अपने जनाधार पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय घोषणा पत्र एवं अन्य जानकारियां अद्यतन करवाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योजनाओं से संबधित दिशा-निर्देश, नियम एवं संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों का भली भांति अध्ययन कर ही आवेदन करें। योजना से संबधित नियम, दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मान्यता या सम्बद्धता एवं पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति प्राप्त पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अथवा अपडेशन निर्धारित अवधि में अवश्य करवा लेवे। जिससे छात्रवृत्ति पोर्टल पर विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थान का नाम प्रदर्शित हो सकेगा।

# एसआई भर्ती परीक्षा 2021 रद्द, अब सितंबर में होगी दोबारा परीक्षा

### केवल पुराने अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका, आवेदन में संशोधन 16 से 30 मई तक

**जयपुर (खबर आस पास)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राज्य सरकार की अनुशंसा के बाद वर्ष 2021 में आयोजित उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा-2021 को निरस्त कर दिया है। अब यह भर्ती परीक्षा नए सिरे से आयोजित की जाएगी। आयोग की ओर से विस्तृत दिशा-निर्देश आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जा रहे हैं।

आयोग अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने बताया कि पुनः आयोजित होने वाली परीक्षा में केवल वही 3 लाख 83 हजार 97 अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने पूर्व में आयोजित लिखित परीक्षा के दोनों प्रश्न पत्र दिए थे। नए अभ्यर्थियों को आवेदन का अवसर नहीं मिलेगा। परीक्षा का आयोजन सितंबर 2026 में संभावित माना जा रहा है। आयोग ने अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन और अपडेट का मौका भी दिया है। यह प्रक्रिया 16 मई से 30 मई 2026 तक चलेगी। इस दौरान अभ्यर्थी अपने मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और पत्राचार पते में बदलाव कर सकेंगे। आयोग के अनुसार आवेदन में संशोधन से पहले वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) के तहत केवाईसी प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य होगा। यदि किसी अभ्यर्थी ने अपनी एसएसओ आईडी बदल ली है तो वह 'फैच एप्लिकेशन फॉर्म' विकल्प के जरिए पुराने आवेदन का डेटा नई प्रोफाइल में ट्रांसफर कर सकेगा। केवाईसी पूरी होने के बाद लाइव फोटो, हस्ताक्षर और अंगूठे का निशान स्वतः अपडेट हो जाएगा।

**बायोमेट्रिक सहमति देना जरूरी**

आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों को आवेदन में कोई संशोधन नहीं करना है, उन्हें भी आवेदन को 'एडिट मोड' में खोलना अनिवार्य होगा। यहां अभ्यर्थियों को फोटो और बायोमेट्रिक डेटा के उपयोग संबंधी स्वघोषणा और सहमति देनी होगी। इसके बाद मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी दर्ज कर आवेदन को अंतिम रूप से सब्मिट करना होगा। राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव ने बताया कि आयु सीमा, आरक्षण और शैक्षणिक योग्यता जैसी पात्रता की सभी शर्तें वर्ष 2021 के आधार पर ही मान्य रहेंगी। वर्तमान स्थिति के अनुसार इनमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। आयोग ने अभ्यर्थियों से भर्ती संबंधी ताजा अपडेट के लिए आधिकारिक वेबसाइट और भर्ती पोर्टल नियमित रूप से देखने की अपील की

# बीकानेर के रोशनी घर चौराहे पर मची अफरा-तफरी, धू-धू कर जली स्कूटी

**बीकानेर (खबर आस पास)।** रोशनी घर चौराहा के सामने गुरुवार दोपहर भीषण गर्मी के बीच एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। कुछ ही पलों में स्कूटी आग के गोले में तब्दील हो गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि स्कूटी सवार ने समय रहते धुआं उठता देख वाहन रोक दिया और कूदकर अपनी जान बचा ली।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी सवार व्यस्त सड़क से गुजर रहा था, तभी वाहन के निचले हिस्से से तेज धुआं निकलने लगा। चालक ने तुरंत स्कूटी सड़क किनारे रोकी और दूर हट गया। देखते ही देखते स्कूटी से ऊंची लपटें उठने लगीं। बीच सड़क पर वाहन जलता देख यातायात बाधित हो गया और आसपास मौजूद



दुकानदार व राहगीर मौके पर पहुंच गए।

स्थानीय लोगों ने पानी और मिट्टी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक स्कूटी का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो चुका था। घटना के बाद काफी देर तक सड़क पर धुएं और जलने की दुर्गंध के कारण आवाजाही प्रभावित रही।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार स्कूटी में शॉर्ट सर्किट या ओवरहीटिंग के चलते आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बीकानेर में इन दिनों तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि अत्यधिक गर्मी में लिथियम-आयन बैटरियों का तापमान बढ़ने से 'थर्मल रनवे' जैसी स्थिति बन सकती है, जिससे आग लगने का खतरा बढ़ जाता है।

इस घटना के बाद एक बार फिर इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। बीकानेर में इससे पहले भी गर्मी के दौरान बैटरी ब्लास्ट और ईवी में आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऑटो विशेषज्ञों के अनुसार तेज धूप में लंबे समय तक वाहन खड़ा रखना या लगातार चलाने के तुरंत बाद फास्ट चार्जिंग करना जोखिम बढ़ा सकता है। लगातार सामने आ रही घटनाओं से अब इलेक्ट्रिक वाहन चालकों में चिंता का माहौल।

# बीकानेर के रांका ट्रस्ट का पंजाब में हुआ सम्मान, राज्यपाल कटारिया ने महनोत को दिया परोपकार पुरस्कार

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** बीकानेर के रामलाल सूरज देवी रांका चैरिटेबल ट्रस्ट का सामाजिक कार्यों हेतु पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा सम्मान किया गया। चंडीगढ़ के पंजाब लोक भवन में वर्ल्ड रेड क्रॉस डे पर आयोजित समारोह में रामलाल सूरज देवी रांका चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि पवन महनोत एवं रमेश भाटी को राज्यपाल कटारिया द्वारा परोपकार पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान घनश्याम जाजड़ा भी उपस्थित रहे। महनोत ने बताया कि रामलाल सूरजदेवी रांका चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक महावीर रांका द्वारा शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, समाजसेवा एवं गौसेवा व जीव दया के क्षेत्र में निरन्तर सेवा कार्य किए




जा रहे हैं। लाखों की संख्या में मास्क, सेनेटाइजर, पीपीटी किट, ऑक्सीजन सिलेंडर, जरुरत की दवाएं और वैक्सीन शिविर आयोजित किए। कोरोना जैसी विकट परिस्थितियों में रोजाना हजारों लोगों को भोजन के पैकेट और सूखे राशन की किट वितरित की, गोचर-ओरण व गौशालाओं में हरी सब्जियों व चारे की गाडियां भिजवाए गए, ऑक्सीमीटर, थर्मल स्कैनर, स्टीम वेपेराइज जैसे स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध करवाए गए। महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण व सिलाई मशीनें भेंट करना, पौधरोपण, मटकियों का वितरण करना, जल सेवा, गौसेवा एवं बालिका गृह में विशेष सहयोग जैसे अभिन्न कार्यों को निरन्तर किया जा रहा है।

# आकाशवाणी के 90 वर्ष वॉकाथॉन आयोजित




(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरे होने (1936-2026) के उपलक्ष्य में शुक्रवार सुबह आकाशवाणी बीकानेर द्वारा आयोजित वॉकाथॉन सुबह 6:15 बजे डॉ. करणीसिंह स्टेडियम के पास स्थित आकाशवाणी केंद्र से शुरू हुआ। आकाशवाणी बीकानेर के उप महानिदेशक अभियांत्रिकी एवं क्लस्टर प्रमुख रामजी लाल असवल ने इस वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सहायक निदेशक अभियांत्रिकीश्री गिरधारी राम बाटन, सहायक निदेशक श्री अमित सिंह, सहायक निदेशक कार्यक्रम मीनाक्षी मलिक सहायक निदेशक अभियांत्रिकी श्री श्रवण कुमार रैगर इस दौरान मौजूद रहे। वॉकाथॉन जूनागढ़ के आगे से होते हुए वापिस आकाशवाणी केंद्र पहुंची। यहाँ प्रतिभागियों को आकाशवाणी के गौरवपूर्ण 90 की याद दिलाता मेडल प्रदान किया गया। प्रतिभागी पूरे रास्ते 'बहुजन हिताय: बहुजन सुखाय' के नारे लगाते चलते नजर आए। वॉकाथॉन के माध्यम से आकाशवाणी की 90 वर्षों की सेवा यात्रा को याद किया गया, कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक एकता और देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।आकाशवाणी पिछले 90 वर्षों से देश के कोने-कोने तक सूचना, शिक्षा और मनोरंजन पहुंचा रहा है। यह वॉकाथॉन उसी जन-सेवा भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम में शामिल स्थानीय नागरिकों ने इसे बेहद सकारात्मक अनुभव बताया। 'स्वास्थ्य, एकता और विरासत' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में आकाशवाणी स्टॉफ, आकस्मिक कलाकारों , आम नागरिकों, महिलाओं, युवाओं, और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

# मुख्य अभियंता (गुण नियंत्रण इकाई) ने किया निरीक्षण

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद,8 मई।** जल संसाधन विभाग, जयपुर की गुण नियन्त्रण इकाई के मुख्य अभियंता जितेन्द्र दीक्षित ने शुक्रवार को वैद्य मघा राम वितरिका के प्रगतिरत रीलाइनिंग कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का विस्तार से अवलोकन किया गया। मुख्य अभियंता दीक्षित ने कार्य को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक को निर्माण कार्य में गुणवत्ता नियंत्रण एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

# बंद मकान में फंदे से लटका मिला युवती का शव

**बीकानेर (खबर आस पास)।** हनुमानगढ़ जंक्शन की पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शुक्रवार को एक बंद मकान से 18 वर्षीय युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस के अनुसार शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

सीओ सिटी मीनाक्षी सहारण ने बताया कि पुरानी हाउसिंग बोर्ड स्थित मकान संख्या 4/151 से बदबू आने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद जंक्शन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मकान मालिक कमल कुमार की मौजूदगी में भीतर से बंद मकान को खुलवाया गया। अंदर कमरे में पंखे से फंदा बनाकर युवती का शव लटका मिला।

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान खुशी यादव (18) पुत्री रामयाद यादव के रूप में हुई है। वह किराए के मकान में अकेली रह रही थी। उसके पिता चालक हैं, जो काम के सिलसिले में कई दिनों बाद घर लौटते थे। मृतका का एक भाई सीकर में रहता है, जबकि उसकी माता का कई वर्ष पहले निधन हो चुका है। मूल रूप से बिहार निवासी यह परिवार लंबे समय से हनुमानगढ़ में रह रहा था। पहले परिवार पुरानी खुंजा क्षेत्र में किराए पर रहता था और करीब एक साल पहले हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शिफ्ट हुआ था।